हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 4 मार्च 2026

12 फाग पर पुलिस अलर्ट, 28 जगहों पर लगाए नाके...



12 हकृवि के पांच विद्यार्थियों का एग्जीक्यूटिव पद पर...



## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा दे दुष्कर्म करने का आरोपी काबू

**उकलाना।** पुलिस ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के मामले में एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान पारस के रूप में हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की जांच अधिकारी एसआई दयाराम ने बताया कि उकलाना पुलिस को लिखित शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि एक युवक द्वारा उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए गए त । आरोपी द्वारा युवती को अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया और विरोध करने पर धमकाया गया।

### अवैध देशी शराब की 12 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान भाटला चौकी पुलिस ने अवैध देसी शराब की 12 बोतल के साथ एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान घिराए निवासी रमेश के रूप में हुई है। चौकी में तैनात मुख्य सिपाही जयवीर सिंह ने बताया कि वह गश्त-पड़ताल के दौरान अड्डा सिंघवा राघो मोड़ के पास मौजूद थे। इसी दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति सिंघवा राघो गांव से देशी शराब लेकर घिराए गांव में बेचने के लिए जा रहा है।

### अगले वित्तीय वर्ष में 373 करोड़ 48 लाख 44 हजार 237 रुपये की आय होने का अनुमान

# शहर की छोटी सरकार का 498 करोड़ का बजट पास

**खास बातें**

- 470 करोड़ 77 लाख 11 हजार 312 रुपये विकास व अन्य कार्यों पर होंगे खर्च
- नगर निगम हाउस मीटिंग के दूसरे दिन बजट, नगर निगम, जिला योजनाकार, जिला रोजगार व जनस्वास्थ्य विभाग के मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नगर निगम के मुख्य सभागार में हाउस मीटिंग के दूसरे दिन मंगलवार को मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में बैठक के बचे हुए एजेंड़ों चर्चा की गई। बैठक का संचालन निगमायुक्त नीरज ने किया। दूसरे दिन मुख्यतः बजट, नगर निगम, जिला योजनाकार, जिला रोजगार व जनस्वास्थ्य विभाग के मुद्दों पर सदन में चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि हाउस की बैठक में 498 करोड रुपये का बजट पास हाउस के द्वारा किया गया है। जोकि शहर के विकास व मूलभूत सुविधाओं को ओर गति देगा। उन्होंने कहा कि सभी पार्षद एवं विभाग मिलकर शहर के विकास की दिशा में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष और जनून के साथ कार्य किया जाएगा।

इससे पूर्व बजट पर चर्चा करते हुए सीनियर अकाउंट ऑफिसर अशोक नेहरा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में 498 करोड़ 80 लाख 87 हजार 901 रूपये का बजट पेश किया गया है। जिसमें 1 फरवरी 2026 में ओपनिंग बजट नगर निगम व नगर सुधार मडंल का संयुक्त रूप से 137 करोड़ 11 लाख 73 हजार 958 है। जिसमें 1 फरवरी से 31 मार्च तक 24 करोड़ 64 लाख 32 हजार 563 रुपये की आय होने का अनुमान है। 1 फरवरी से 31 मार्च तक 36 करोड़ 43 लाख 62 हजार 857 रुपये का विकास व अन्य कार्यो पर खर्च का अनुमान है। इसके बाद 1 अप्रैल 2026 को 125 करोड़ 32 लाख 43 हजार 664 रूपये का शेष बचेगा। अगले वित्तीय वर्ष में 373 करोड़ 48 लाख 44 हजार 237 रुपये की आय होने का अनुमान है। वह वर्ष 2026-27 में कुल 498 करोड़ 80 लाख 87 हजार 901 रुपये का बजट बनाया गया है। जिसमें 470 करोड़ 77 लाख 11 हजार 312 रुपये विकास व अन्य कार्यो पर खर्च होगा। 31 मार्च 2027 को 28 करोड़ 3 लाख 76 हजार का 589 को ओपनिंग बैलेंस बचेगा। प्रस्ताव को ध्वनि मत पास करके सरकार को भेजा जाएगा।



हिसार। साधारण बैठक को संबोधित करते मेयर प्रवीण पोपली, साथ हैं निगमायुक्त नीरज, पार्षद व अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### हर वार्ड में होगा आवारा कुत्तों का बाधियाकरण कार्य

सबसे पहले सदन में नगर निगम में पार्षदों के द्वारा विकास कार्यो करवाने के लिए दिए गए एजेंड़ों पर चर्चा हुई। जिनमें सड़कों को बनवाने के मुद्दों का कौमन मुद्दों मानते हुए जरूरत अनुसार अति आवश्यक को पहले बनवाने के लिए सदन में सभी पार्षदों का प्रस्ताव पास किया गया। इस प्रकार से आवारा कुत्तों के बाधियाकरण वैक्सीनेशन करवाने का कार्य सभी वार्डो में किया जाए। निगम अधिकारियों ने बताया कि वेक्सीनेशन व बधियाकरण का कार्य चल रहा है अब तक लगभग 3375 कुत्तों का बाधियाकरण व 3530 कुत्तों का वैक्सीनेशन कर दिया गया है। इसमें प्रत्येक कुत्ते के बाधियाकरण पर 1450 रूपये का खर्च आ रहा है। जिसमें उसके बाधियाकरण से लेकर उसको उस स्थान ले जाना उसको शैल्टर हाउस में रखना खाने इत्यादि का खर्च शामिल है बाधियाकरण उपरांत उस कुत्ते का जहां से उठा गया वहीं छोड़ा जाएगा। शहर में एक अनुमान के अनुसार 10 हजार आवारा कुते है।

### अवैध पशुबाड़े पर निगम करेगा कार्रवाई

नगर निगम द्वारा नगर निगम की जमीन या अन्य विभागों की जमीन पर जो पशुपालकों के द्वारा अवैध बाड़े बनाए हुए है, उन पर नगर निगम जल्द कार्रवाई शुरू करेगा और उनको जल्द ही हटाया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक वार्ड से बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण भेजा जाए। इसके लिए निगमायुक्त ने बताया कि गोसेवा आयोग के द्वारा हांसी में पशु पकड़े जा रहे है उसी तर्ज पर हिसार में किसी संस्था के द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ा जाएगा जिसका भुगतान उनको गौ-सेवा आयोग करेगा।

### पेंच वर्क के लिए फिक्स की जाएगी टाइम लाइन

पेंच वर्क के लिए नगर निगम द्वारा जल्द ही टाइम लाइन फिक्स की जाएगी जिससे कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करवाया जा सकें। सभी पार्षदों के द्वारा बचे हुए पेंच को अप्रव्वूड करवाने के लिए सरकार को भेजने का प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए करतल ध्वनि से सहमति दी और प्रस्ताव सरकार को भेजने को कहा।

### डेयरी शिफ्टिंग का उठा मुद्दा

वार्ड 5 के पार्षद भीम महाजन द्वारा डेयरी शिफ्टिंग का मुद्दा उठाया गया जिस पर एक्सईएन जयबीर डूडी ने बताया कि इसके लिए चौथी बार टेंडर लगाया गया टेंडर अलॉट होने पर जल्द ही चयनित स्थान पर डेयरी प्रोजक्ट के लिए सीवरेज, डिस्पोजल अन्य विकास कार्ये करवा दिए जाएगा। इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त ने बताया डेयरी शिफ्टिंग प्रोजक्ट में कुल 342 प्लॉटों की ई-आक्शन की जाएगी जिनमें 239 प्लांट 250 वर्गर्गज के 68 प्लांट 350 वर्गगज के 27 प्लांट 500 वर्गगज के और 8 प्लांट 1000 वर्गगज के होंगे जिनको की जल्द ही ई-आक्शन के माध्यम से सेल किया जाएगा।

### मानसून से पहले सभी लाइन की सफाई का दिया भरोसा

*जनस्वास्थ्य विभाग के मुद्दों पर चर्चा करते हुए पार्षदों ने बताया कि सभी वार्डों में जीटी की सफाई नियमित करवाई जाए। बरसात से पूर्व सभी वार्डों की मेन लाइनों की सफाई मशीनों के द्वारा करवाई जाए। जिन-जिन स्थानों पर सीवरेज ओवरफ्लो, ब्लॉकेज की समस्या आ रही है उन स्थानों का सर्वे करके नए पाइप लाइन डालने का कार्य किया जाएगा। जिन स्थानों पर ढक्कन टूटे हुए नए लगाए जाए। अधिकारियों ने बताया कि शहर की मेन लाइन स्लिट निकालने कार्य के लिए टेंडर लगाया गया है। इस टेंडर के द्वारा शहर की 60 किलोमीटर तक की लाइन का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्य अगले 10 दिन में शुरू हो जाएगा। शहर की जीटी के सफाई कार्य मानसून से पहले कर दिए पूरे कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 50 किलोमीटर की नई व अरज सेटिंग सीवरेज लाइन का टेंडर लगाया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग के पास 2 सुपर सॉकर मशीन है और 3 ठेकेदार से ली हुई है जो निरंतर कार्य कर रही है।*

### यह रहे उपस्थित

*इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, स्वच्छता विशेष अधिकारी हरबीर सिंह, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, वीरेन्द्र सहारण, चीफ इंजीनियर बी.के. कर्दम, एसई सतीश गर्ग, एक्सईएन जयबीर डूडी, सीनियर अकाउंट ऑफिसर अशोक नेहरा, अकाउंट ऑफिसर राधेश्याम, एसओ ज्योति, एमई अमित बेरवाल, एमई सुनील लांबा, एमई कर्मपाल सिंधू, पार्षद सरोज जैन, मोहित सिघल, ज्योति वर्मा, हरिसिंह सैनी, भीम महाजन, उषा, मनोहर लाल वर्मा, रवि सैनी, शीला देवी, साक्षी शर्मा, नरेश ग्रेवाल, जगमोहन मित्तल, संजय डालमिया, डॉ. सुमन यादव, राजेन्द्र बिढलान, राजेश अरोड़ा, सत्यवान पानू, नवीन कुमार, गगन शर्मा, सुरजीत सैनी, सुरेश जाखड़ा सहित नगर निगम के अधिकारी तथा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।*

### स्लॉटर हाउस के लिए जमीन की तलाश

*स्लॉटर हाउस के मुद्दे पर चर्चा करते हुए निगमायुक्त ने बताया कि इसके नगर निगम की टीम के द्वारा समय-समय पर चलाना की प्रक्रिया की जा रही है। इस साथ-साथ मीट विक्रेता को साफ-सफाई व ओपन में स्लॉटर न करने के प्रति में कहा जाता है। स्लाटर हाउस बनाने के गाइड लाइन अनुसार नए स्थान की खोज की जा रही मिलने उपरांत आवश्यक कार्रवाई करके बनाया जाएगा। नए स्ट्रीट जोन बनाने के विषय में निगमायुक्त फिजिबेलटी व जांच के बाद उपयुक्त स्थान पर कुछ व्यवस्था का विचार किया जाएगा।*

### घर में घुसकर मां-बेटी पर हमले का आरोपी काबू

**हिसार।** थाना आज़ाद नगर ने घर में घुसकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने बारे एक आरोपी देवा शीश निवासी रावतखेड़ा हाल निवासी चंदूलाल गार्डन बढ़वाली ढाणी को गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपी पर पहले भी 5 मुकदमे लड़ाई झगड़े के अलग अलग थानों में दर्ज है। गौरतलब है कि 22 फरवरी को आजाद नगर, हिसार क्षेत्र में घर में जबरन घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ करने की घटना सामने आई थी। शिकायतकर्ता लक्ष्मी निवासी विराट नगर ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीब एक बजे कुछ व्यक्तियों ने उनके घर में दीवार कूदकर जबरन प्रवेश किया तथा दरवाजे का ताला तोड़ने का प्रयास किया।







# सीएम सैनी के नेतृत्व में हरियाणा देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा : बराला

### बजट हरियाणा को विकसित बनाने के सपनों को करेगा साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 का प्रस्तुत बजट जनता की सलाह से बनाया गया है, जो हरियाणा को जल्द से जल्द विकसित बनाने के सपनों को साकार करेगा। यह बजट प्रदेश की जनता के सपनों को पूरा करने का संकल्प है। मंगलवार को पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कुल 2,23,658.17 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया गया है, जो पिछले बजट से 10.28 प्रतिशत अधिक है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि हमारे 11 वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश की जीडीपी तीन गुणा हो गई है। वर्ष 2014-15 में जीडीपी 4 लाख 37 हजार 145 करोड़ रुपये थी। वर्ष 2025-26 में अनुमानित जीडीपी 13 लाख 67 हजार 769 करोड़ रुपये है। वर्ष 2025-26 में राज्य की अर्थव्यवस्था की अनुमानित वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत है। इसी तरह, प्रति व्यक्ति आय भी लगभग तीन गुणा हो गई है। वर्ष 2014-15 में यह 1 लाख 47 हजार 382 रुपये थी। वर्ष 2025-26 में अनुमानित यह 3 लाख 95 हजार 618 रुपये है।



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते राज्यसभा सांसद सुभाष बराला।

### प्रेसवार्ता के दौरान ये रहे मौजूद

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने 2047 तक विकसित राष्ट्र का बनने का सपना देखा है और देश तेजी से उस तरफ बढ़ रहा है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा भी देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है और विकसित होने की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। इस अवसर पर हिसार भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आशा खेदड़, जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना, कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, कार्यालय प्रभारी सुरेंद्र सैनी, जिला उपाध्यक्ष सतीश सुरलिया, मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपड़ा, पूर्व चेयरमैन रणधीर धीरू, सरोज सिहाग, अमर पातड़, प्रोमिला पूनिया, घनश्याम शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गोवंश रक्षक बनकर 2 गाड़ियों में आगजनी करने में 11वां आरोपी काबू

**हिसार।** गोवंश रक्षक बनकर 2 गाड़ियों में आगजनी करने के करीब साढ़े तीन साल पुराने मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान गांव पनिहारी के विजय के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इससे पहले 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गौरतलब है कि 20-22 सितंबर 2023 को ज्ञानपुरा और पनिहारी के बीच गौवंश से संबधित एक गंभीर घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार दो गाड़ियां, जिनमें गौवंश लोड था, हिसार से पानीपत की ओर जा रही थीं। रास्ते में कुछ व्यक्तियों द्वारा स्वयं को गौ-रक्षक बताते हुए दोनों गाड़ियों को रोक लिया गया तथा चालक व सहायकों के साथ मारपीट की गई। शिकायत में आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट कर मोबाइल फोन, नकदी, गाड़ियों के कागजात व चाबियां छीन ली तथा जान से मारने की धमकी दी। मौके पर डायल 112 व थाना बरवाला पुलिस पहुंची। आरोप है कि भीड़ द्वारा पुलिस के साथ भी धक्का-मुक्की व पथराव किया गया तथा गाड़ियों में आग लगाने का प्रयास किया गया, जिसे पुलिस ने तत्परता से विफल कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा गंभीर धाराओं में अभियोग दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। अब तक कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# 12.30 ग्राम चिट्टा समेत महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सीआईए वन टीम ने नशा तस्करी के आरोप में गांव पीरांवाली क्षेत्र से महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी महिला परमजीत कौर निवासी पीरांवाली के कब्जे से 12.30 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। सदर थाना पुलिस ने आरोपी महिला पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सीआईए वन के एएसआई राकेश ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पीरांवाली गांव में दबिश दी। इस दौरान महिला परमजीत कौर को हिरासत में लेकर नियमानुसार तलाशी ली गई तो उसके पास से 12.30 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ चिट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी महिला पर पहले भी एनडीपीएस एक्ट में 3-4 केस दर्ज है। आरोपी महिला को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



### नशा बेचता नशा तस्कर काबू

**हिसार।** पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कसाबा मोहल्ला स्थित लाल मस्जिद के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सैनियान मोहल्ला निवासी शम्मी उर्फ टिड्डा के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार एएनसी स्टाफ को गुप्त सुचना मिली थी कि एक नशा तस्कर चिट्टा बेचने की फिराक में है। इस पर एएनसी स्टाफ प्रभारी इंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी और एक आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से 6 ग्राम 100 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की है।

# नागरिक सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन बनाए रखें : डीसी



**हिसार।** डीसी महेंद्र पाल ने होली पर पर नागरिकों से आग्रह किया कि होली खेलते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें, प्राकृतिक एवं पर्यावरण अनुकूल रंगों का प्रयोग करें तथा पानी की अनावश्यक बर्बादी से बचें। साथ ही, यातायात नियमों का पालन करें और सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन बनाए रखें। उपायुक्त ने अपने संदेश में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार ही नहीं, बल्कि यह प्रेम, भाईचारे, सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव का प्रतीक है। होली का पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने का संदेश देता है। डीसी ने जिला वासियों से अपील की कि वे होली का पर्व शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं तथा असामाजिक गतिविधियों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा त्योहार के मद्देनजर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि नागरिक सुरक्षित वातावरण में पर्व का आनंद ले सकें।

### किसी भी आपात स्थिति में तत्परता से कार्रवाई करें : नरवाल



**हांसी।** जिलाधीश राहुल नरवाल ने होली पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। जिलाधीश राहुल नरवाल द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 16 व 17 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 4 मार्च (होली) को विभिन्न थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारी के साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। जारी आदेशों के अनुसार संजीव त्यागी, कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियान्त्रिकी विभाग को थाना शहर हांसी, सुरेंद्र मेहरा कार्यकारी अभियंता दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम को थाना सदर हांसी, पवन कुमार, खंड कृषि अधिकारी को थाना नारनौंद तथा विवेक गुप्ता, उपमंडल अभियंता सिंचाई विभाग को थाना बास हांसी के साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जिलाधीश राहुल नरवाल ने सभी नियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखते हुए कानून व्यवस्था, शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करें।








# होली की वो पार्टी जिसमें जुटता था पूरा बॉलीवुड

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे मशहूर होली पार्टियों की बात की जाए तो आज भी दिवंगत राज कपूर की होली पार्टी का नाम सबसे ऊपर आता है। बताया जाता है कि राज कपूर अपने बेटों रणधीर कपूर, ऋषि कपूर और राजीव कपूर और भाइयों शशि कपूर, शम्मी कपूर और नंदी कपूर के साथ मिलकर आर के स्टूडियो में होली पार्टी होस्ट करते थे, जिसमें ना केवल उनका पूरा खानदान, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री की कई दिग्गज हस्तियां शामिल होती थीं। दिलीप, प्राण, प्रेमनाथ, अमिताभ बच्चन, सिंगर मुकेश, संगीतकार जोड़ी शंकर-जयकिशन और मनमोहन समेत सभी सेलेब्स इस पार्टी के दौरान रंग में सराबोर नज़र आते थे।

लाइफ Style



# एलनाज
## मैं ईरान गई तो वो मार देंगे

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड और वेब सीरीज दर्शकों के बीच लोकप्रिय एलनाज नौरोजी ने एक बार फिर अपनी राय को पद पर रखकर सुर्खियां बटोरी हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के पर प्रतिक्रिया देते हुए एलनाजने स्पष्ट किया है कि वह अपने देश ईरान वापस नहीं जा सकतीं, क्योंकि उन्हें जान का खतरा है।

एलनाज ने 2017 में एक पाकिस्तानी फिल्म से अपना एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। इसके बाद 2018-19 में उन्होंने सैक्रेड गेम्स के दो सीजन में जोया का किरदार निभाया, जिससे उन्हें अपार पॉपुलैरिटी मिली। वह अभय, मेड इन हेवेन, जग जग जीयो और मस्तीज 4 जैसे प्रोजेक्ट्स में भी नजर आ चुकी हैं। 2023 में उन्होंने जेरार्ड बटलर के साथ हॉलीवुड फिल्म कंधार से वहां डेब्यू किया था। एक नए इंटरव्यू में एलनाज ने कहा है कि वह अपने देश ईरान नहीं लौट सकती हैं, क्योंकि अगर ईरान गईं तो उन्हें मार दिया जाएगा। बॉलीवुड और टीवी सेलेब्स भी इस मसले पर अपनी-अपनी राय रख रहे हैं। एक इंटरव्यू में एलनाज ने साफ किया कि उनका विरोध ईरान के लोगों के खिलाफ नहीं, बल्कि वहां के शासन यानी इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ है। उन्होंने कहा, 'जब हम ईरान की बात करते हैं, तो मैं इस्लामिक रिपब्लिक और ईरान के लोगों के बीच फर्क करना चाहूंगी। इस्लामिक रिपब्लिक ने देश पर कब्जा कर रखा है। ईरान के ज्यादातर लोग स्मार्ट और पढ़े-लिखे हैं और उनकी मान्यताएं इस्लामिक रिपब्लिक से अलग हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक समय ईरान के इजराइल और अमेरिका से भी अच्छे संबंध थे।

हॉलीवुड मसाला



# बुराई पर जीत हासिल करेगी अच्छाई

**लॉस एंजिल्स।** इजरायली हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद मिडिल ईस्ट में संघर्ष तेजी से फैल गया है। 3 मार्च को प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'दुनिया में बहुत कुछ हो रहा है, यह कठिन और भारी है, लेकिन प्रकाश हमें रास्ता दिखाता है। यहां बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए... होलिका दहन।' उनका यह संदेश उन चुनौतियों के बीच आया है, जो हाल ही में यूएस-ईरान संघर्ष और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर में महसूस किए जा रहे हैं।



# एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए किया काम

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर अमेरिकी एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया। वे 53 साल के थे। उनकी मौत सिनेमा जगत के लिए किसी नुकसान से कम नहीं। उनकी मौत एमियोट्रोफिक लैटरल स्क्लेरोसिस नाम की गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी से हुई। एरिक ने अप्रैल 2025 में इस बीमारी की खबर सबके साथ शेयर की थी। इसके बाद वे एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए काम किया। परिवार ने एएलएस को लेकर जागरुकता फैलाने और दूसरे मरीजों की मदद करने के लिए काफी कोशिशें कीं। परिवार ने फैन्स से मिले प्यार और सपोर्ट के लिए आभार जताया और प्राइवेसी की अपील की है। एरिक डेन को खासतौर से **ABC** के पॉपुलर मेडिकल ड्रामा 'ग्रेज एनाटॉमी' में डॉ. मार्क स्लोन (जिन्हें 'मैकस्टिमी' कहा जाता था) के किरदार के लिए जाना जाता है। उन्होंने 2006 में सीजन 2 में कैमियो से शुरुआत की।



# अजनबी एक-दूसरे को दे रहे थे दिलासा...

**मुंबई।** एक्ट्रेस ईशा गुप्ता भारत लौट आई हैं। वह मिडिल ईस्ट में बढ़ते झगड़ों के बीच अबू धाबी में फंस गई थीं। वापस आने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है और बताया कि वहां उन्होंने क्या देखा और क्या सुना। आइए आपको बताते हैं कि अबू धाबी में वो कैसे फंसी और भारत कैसे वापस आईं। ईशा ने लिखा, '28 फरवरी के दिन मैं अबू धाबी के एयरपोर्ट पर थी। दोपहर के 1 बजे रहे थे और एयरपोर्ट बंद हो गया था। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। बस चारों ओर अफरा-तफरी मची हुई थी। फिर मिसाइल हमले की खबरें आने लगीं और किसी को नहीं पता था कि अगले मिनट हमारे साथ क्या होगा। अजनबी एक-दूसरे को दिलासा दे रहे थे, सभी अपने परिवार को फोन कर रहे थे।' ईशा ने आगे लिखा, 'मैंने चेक-इन नहीं किया था इसलिए मैं वापस होटल चली गई थी।



# शबाना और जावेद ने मनाई होली ...

**मुंबई।** कई जगह होली आज मनाई जाएगी, लेकिन बॉलीवुड सेलिब्रिटीज कल ही होली के रंग में रंग गए। जावेद अख्तर और शबाना आजमी ने अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज भी परिवार संग होली खेलते नजर आए। होली के रंग में बॉलीवुड भी रंग गया है। कई सेलिब्रिटीज के होली मनाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। हर कोई होली की मस्ती में डूबा नजर आ रहा है। अपनों को रंग लगाया जा रहा है। कई सेलेब्स अपने बच्चों संग होली खेल रहे हैं। शबाना आजमी और जावेद अख्तर ने हर साल की तरह इस बार भी अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। इसमें कई बॉलीवुड सेलेब्स नजर आए। ऋचा चड्ढा को भी इस होली पार्टी में देखा गया।

टीवी मसाला



# शादी के बाद पार्टनर संग पहली होली खेलेंगे ये टीवी सितारे

**नई दिल्ली।** होली की रौनक अभी से ही चारों तरफ देखने को मिल रही है। होली का त्योहार बेहद खास होता है और टीवी के कई कपल्स ऐसे हैं जिनके लिए ये और भी ज्यादा खास होने वाला है। क्योंकि, ये उनकी शादी के बाद पहली होली होने वाली है। इस लिस्ट में हिना खान-रॉकी जायसवाल से लेकर सारा खान-कृष पाठक तक का नाम शामिल है।

**हिना-रॉकी** : टीवी एक्ट्रेस हिना खान और रॉकी जायसवाल यूं तो सालों से साथ में होली मनाते नजर आ रहे हैं। लेकिन ये होली उनकी शादी के बाद की पहली होली होगी। दोनों बीते साल जून में ही शादी के बंधन में बंधे थे।

**सारा-कृष** : सारा खान और कृष पाठक के लिए भी होली का त्यौहार बेहद खास होने वाला है, क्योंकि ये शादी के बाद उनकी पहली होली होने वाली है। सारा खान और कृष पाठक ने जहां बीते साल अक्टूबर में कोर्ट मैरिज की थी तो वहीं दिसंबर में दोनों ने बिग फैट वेडिंग की।

**जिया-वरुण** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस जिया मानेक और एक्टर वरुण जैन की भी शादी के बाद ये पहली होली होगी। दोनों ने बीते साल परिवार और दोस्तों की खास मौजूदगी में शादी रचाई थी।

**अंकुर -लीना** : अंकुर वर्मा और लीना वर्मा बीती 25 फरवरी को ही शादी के बंधन में बंधे हैं। दोनों की शादी के बाद ये न केवल पहली होली होगी, बल्कि उनका साथ में पहला त्यौहार भी होगा। अंकुर वर्मा ने हरियाणा में अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड लीना वर्मा के साथ शादी रचाई थी।

**रूपल-नोमिष** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस रूपल त्यागी ने बीते साल दिसंबर में बॉयफ्रेंड नोमिश भारद्वाज के साथ शादी रचाई थी। शादी के बाद दोनों साथ में पहली होली मनाते नजर आएंगे। रूपल और नोमिश को अक्सर साथ में रोमांटिक पोस्ट डालते हुए देखा जाता है।

**अश्लेषा-संदीप** : अश्लेषा सावंत और संदीप बसवाना यूं तो बीते कई सालों से लिव-इन रिलेशनशिप में हैं और साथ ही होली मनाते हैं। लेकिन बतौर शादीशुदा कपल दोनों की ये पहली होली होगी। उन्होंने बीते साल नवंबर में शादी की थी।

**अविका -मिलिंद** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस अविका गोर और मिलिंद चंदवानी की भी शादी के बाद ये पहली होने वाली है। दोनों ने बीते साल 'पति पत्नी और पंगा' में शादी रचाई थी। यूं तो पहले भी कई त्योहार के लिए वे साथ रह चुके हैं, लेकिन बतौर शादीशुदा ये उनकी पहली होली होगी।

# बॉलीवुड की मशहूर होली पार्टियों में मिलती है मस्ती, रंगों और सौहार्द की झलक ...

**मुंबई।** होली भारत के सबसे जीवंत और व्यापक रूप से मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है, और बॉलीवुड अक्सर संगीत, नृत्य और रंगों का संगम करने वाली कुछ बेहतरीन होली पार्टियों का आयोजन करता है। बॉलीवुड की होली पार्टियों में हमेशा से एक जादुई आकर्षण रहा है, जो त्योहार की उमंग और बॉलीवुड की चकाचौंध का अद्भुत संगम है। बच्चन परिवार की पारिवारिक होली पार्टियों से लेकर शाहरुख खान की सितारों से सजी पार्टियों तक, ये यादगार पार्टियां बॉलीवुड के इतिहास में एक किंवदंती बन गई हैं। इन आयोजनों के कुछ खास पल अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल हो जाते हैं, जिससे प्रशंसकों को बॉलीवुड की होली पार्टियों को खास बनाने वाले मस्ती, रंगों और सौहार्द की झलक मिलती है। ये पार्टियां बॉलीवुड की मस्ती और ग्लैमर का अनुभव करने का एक शानदार तरीका हैं।



***बच्चन परिवार की होली पार्टी :*** बॉलीवुड के सबसे चर्चित आयोजनों में से एक है। अमिताभ बच्चन और उनका परिवार, जिसमें उनके बेटे अभिषेक बच्चन और बहू ऐश्वर्या राय बच्चन शामिल हैं, अपने प्रतिष्ठित घर 'जलसा' में भव्य होली उत्सव का आयोजन करते हैं। इस आयोजन में परिवार, दोस्त और फिल्म जगत के सहकर्मी शामिल होते हैं। बच्चन परिवार की होली पार्टियों में पारंपरिक अंदाज तो होता ही है, साथ ही बॉलीवुड की स्टार पावर और ग्लैमर भी झलकती है।

***मन्नत में शाहरुख खान की होली पार्टी :*** शाहरुख खान के प्रतिष्ठित घर मन्नत में आयोजित होली पार्टियां बेहद लोकप्रिय हैं। शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान अपनी शानदार और स्टाइलिश होली पार्टियों के लिए जानी जाती हैं। उनकी पार्टियां आमतौर पर ग्लैमर और मस्ती का मिश्रण होती हैं, जहां बॉलीवुड सितारे, डिजाइनर और समाजसेवी लोग शामिल होते हैं। इंटीरियर डिजाइन में अपनी महारत के लिए मशहूर गौरी, सजावट को हमेशा शानदार बनाए रखती हैं।

# वो रोमांटिक फिल्म, 7 दिन में कमाए 100 करोड़ होली के सुपरहिट सॉन्ग ने तड़पाए जवां दिल

*नई दिल्ली। होली रंगों का त्योहार है। इस त्योहार में मस्ती का आलम कुछ और ही रहता है। दिनभर लोग होली के गानों पर नाचते हैं। होली के गानों में 2013 में आई 'ये जवानी है दीवानी' का एक गाना 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' भी जरूर बजता है। इस गाने और इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को बनने की कहानी मजेदार है। इस गाने के शुरुआती बोल कुछ और थे। 'ये जवानी है दीवानी' 2013 में आई एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म थी जिसे अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की कहानी अयान मुखर्जी और हुसैन दलाल ने लिखी थी. प्रोड्यूसर करण जौहर थे। फिल्म में रनबीर कपूर, दीपिका पादुकोण लीड रोल में थे। कल्कि कोचलिन और आदित्य रॉय कपूर भी नजर आए थे। अयान मुखर्जी ने 2009 में 'वेक अप सिड' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अयान मुखर्जी ने अपनी ज्यादातर फिल्में रनबीर कपूर के साथ ही बनाई हैं।*

## बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी



'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' सॉन्ग के बारे में गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था, 'ओरिजनल लाइन गाने में ही है। बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी, बोले रे जमाना खराबी हो गई। मेरे अंग राजा, जो तेरा रंग लागा, तो सीधी-सादी छोरी शराबी हो गई। तो बृज की कन्या शराबी हो गई. गाने को सुनकर संगीतकार प्रीतम और डायरेक्टर ने कहा कि थोड़ा इसे मॉडर्न कर दो। मैंने कहा कि लाइन तो सही है। इतना अच्छा तो लग रही है। फॉक जैसा ही लग रहा है। फिर उन्होंने कहा कि पहली लाइन तो सही लेकिन दूसरी लाइन को थोड़ा बदल दो। फिर मैंने 'जींस पहनके जो तूने मारा ठुमका, तो लट्टू पड़ोसन की भाभी हो गई।'

### म्यूजिक प्रीतम ने किया था कंपोज

फिल्म का म्यूजिक प्रीतम चक्रवर्ती ने कंपोज किया था। उन्होंने पहली बार धर्मा प्रोडक्शंस के लिए काम किया था। गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य थे। उन्होंने ही इस फिल्म का सबसे पॉप्युलर होली सॉन्ग 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी तो सीधी सादी छोरी शराबी हो गई' लिखा था।'

## हिंदी फिल्मों में हमेशा से होली को बड़े ही खास अंदाज में दिखाया जाता है

# आज भी याद किए जाते हैं इन फिल्मों के ये होली सीन्स

**नई दिल्ली। देशभर में आज होली मनाई जाएगी। होली को लेकर हर किसी में एक अलग ही जोश देखने के मिलता है। हिंदी फिल्मों में भी हमेशा से होली को बड़ी ही खास अंदाज में दिखाया जाता है। आज हम आपको ऐसी 7 होली सीन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके बिना शायद फिल्म अधूरी लगती।**

***शोले :*** बॉलीवुड की आइकॉनिक फिल्म शोले का होली सीन कोई कैसे भूल सकता है, जब अचानक पूरे गांव में होली का जश्न मातम में बदल जाता है। मूवी में हेमा मालिनी, जया बच्चन, अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, संजीव कुमार जैसे कलाकार लीड रोल में थे। शोले में होली स्पेशल के तौर पर होली के दिन दिल खिल जाते हैं गीत दिखाया गया था। इसके बाद गांव में डाकू गब्बर सिंह की एंट्री होती है और फिल्म का पूरा क्लाईमैक्स बदल जाता है।

***दामिनी :*** इस लिस्ट में मीनाक्षी शेषाद्री, ऋषि कपूर और सनी देओल स्टारर फिल्म 'दामिनी' भी है। फिल्म में होली का सीन है जिसमें सब अच्छे से होली खेल रहे होते हैं और रंग- गुलाल एक दूसरे को लगा रहे होते हैं। होली का फायदा उठाकर फैमिली के ही कुछ लोग घर में काम करने वाली नौकरानी का गैंगरेप करते हैं। इसके बाद एक तरफ जहां परिवार के लोग उसे बचाने की कोशिश करते हैं वहीं, दूसरी तरफ घर की बहू दामिनी यानी मीनाक्षी उसे इंसाफ दिलाने की लड़ाई लड़ती है।



***कबीर सिंह :*** शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म 'कबीर सिंह' का होली सीन भी काफी जबरदस्त था। इसमें दिखाया गया था कि कैसे कुछ कॉलेज सीनियर स्टूडेंट कियारा को जबरदस्ती रंग लगाते हैं, जिसके बाद कबीर सिंह को इतना गुस्सा आता है कि वो उन्हें बुरी तरह से पीटता है।

***डर :*** यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म डर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। दरअसल, डर में होली स्पेशल सॉन्ग अंग से अंग लगाना दिखाया गया है। इसके अंत में राहुल (शाह रुख खान) जबरदस्ती किरण यानी जूही चावला को रंग लगा देता है, जो सुनील यानी सनी देओल को पसंद नहीं आता है और वह उसका पीछा करता है। इसके बाद डर की कहानी का क्लाईमैक्स चेंज हो जाता है।

***मिर्जापुर :*** इस लिस्ट में फेमस वेब सीरीज मिर्जापुर का होली सीन भी शामिल है। इसमें दिखाया गया कि होली के जश्न के दौरान झगड़ा हो जाता है। जब एक डांसर के साथ मुन्ना भैया डांस करने लगते हैं और इसके बाद दूसरे नेता जी थोड़े नाराज हो जाते हैं और बुरा मान जाते हैं।

***पद्मावत :*** संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत में कई बढ़िया सीक्वेंस देखने को मिले थे। इन्हीं में से एक था होली का सीन और उसका गाना होली। इस गाने में जहां पद्मावत और रतन का रोमांस चल रहा था, वही खिलजी अपनी चाल को पलटने की तैयारी करता है।

***कटी पतंग :*** राजेश खन्ना और आशा पारेख स्टारर फिल्म कटी पतंग में होली स्पेशल गीत खेलेंगे हम होली गीत के बाद दोनों के बीच प्रेम कहानी का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो काफी रोमांचक नजर आता है।

**खबर संक्षेप**

## सीसर में बनेगा 16 लाख से आधुनिक पार्क

**नारनौंद।** गांव सीसर में जिला परिषद की ग्रांट से एक भव्य पार्क का निर्माण किया जाएगा। जिनका निर्माण कार्य जिला पार्षद राजेंद्र चहल नारियल तोड़कर शुरू कर दिया। जल्द ही पार्क का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

जिला पार्षद राजेंद्र चहल ने बताया कि ग्रामीणों की पिछले काफी समय से मांग थी कि गांव में कोई पार्क नहीं है। इसके कारण ग्रामीण महिलाओं को घूमने में काफी परेशानी का सामना करना पढ़ता था। ग्रामीणों की इस मांग को पूरा करते हुए जिला परिषद की तरफ 16 लाख रुपये जारी करके इस पार्क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। करीब एक एकड़ में बनने वाले इस पार्क के चारों तरफ चारदीवारी निकाली जाएगी। उसके बाद यहां पर पेड़ पौधे लगाकर चारों तरफ पाथवे भी बनाया जाएगा।

## पूर्व प्रधान महेंद्र सिंह लोटे पंचतत्व में विलीन

**उकलाना।** विश्वकर्मा धर्मशाला के पूर्व प्रधान एवं पूर्व पंच महेंद्र सिंह लोटे का निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों व क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। महेंद्र सिंह लोटे के पुत्र सतवंत सिंह लोटे निवर्तमान में नगर पालिका के उपाध्यक्ष हैं। वहीं दूसरे पुत्र कुलवंत सिंह व्यवसीय हैं। अंतिम संस्कार के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा ने श्रीनिवास गोयल ने पार्टी की ओर से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## विद्यार्थियों ने राहगीरों को दिया जल बचाओ का संदेश

**हिसार।** बालसमंद स्थित लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्काउट एंड गाइड के साथ मिलकर मंगलवार को होली के पावन त्यौहार पर ग्रामीणों व सड़क से गुजर रहे राहगीरों को जल बचाओ-जीवन बचाओ, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, त्योहार को भाईचारे से मनाओ और नशे से दूर रहो आदि के संदेश दिया। इस मौके पर ट्रैफिक पुलिस से कमल सिंह, स्काउट एंड गाइड राज्य प्रशिक्षक नरेश कुमार, स्कूल प्राचार्य डॉ.कविता लौरा व बालसमंद पुलिस चौकी के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### कृषि व बागवानी के लिए 6500 व मत्स्य पालन के लिए 1550 करोड़ का प्रावधान

# जलवायु चुनौतियों से निपटने को कृषि में अनुसंधान के लिए नहीं प्रावधान : खटकड़

**कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए लगभग 10,450 करोड़ रुपये आवंटित, कुल बजट का 4.68 फीसदी**


हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत आधिकारिक बजट प्रस्तावों के अनुसार, कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए आवंटन राज्य की आर्थिक रणनीति का एक मुख्य आधार बना हुआ है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए, कुल प्रस्तावित राज्य बजट व्यय 2.23 लाख करोड़ रुपये है। इसमें से कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से लगभग 10,450 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह कुल बजट का 4.68 फीसद है। एक ऐसे क्षेत्र के लिए यह आवंटन अपर्याप्त प्रतीत होता है जो राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 18-19 फीसद का योगदान देता है और राज्य की 55 फीसद से अधिक कार्यबल को रोजगार प्रदान करता है। यह कहना है हकृवि के कृषि अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. रामकुमार खटकड़।

प्रो. खटकड़ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बतौर वित्तमंत्री पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान बजट पिछले 2025-26 के बजट में आवंटित 9,296.68 करोड़ से अधिक है, जो आधुनिकरण और किसान कल्याण पर सरकार के ध्यान को दर्शाता है। ग्रामीण विकास सुनिश्चित करने के लिए आवंटन को कई महत्वपूर्ण विभागों में वितरित किया गया है। बजट में मुख्य फोकस कृषि एवं बागवानी 6,500 करोड़ रुपये, पशुपालन एवं डेयरी 2,400 करोड़ तथा मत्स्य पालन 1,550 करोड़ रुपये खर्च का प्रावधान किया गया है।

### आलोचनात्मक विश्लेषण एवं निष्कर्ष

कृषि विशेषज्ञा प्रो. खटकड़ ने कहा कि हरियाणा राष्ट्रीय खाद्य भंडार में महत्वपूर्ण योगदान देता है। खाद्यान्न उत्पादन और केंद्रीय पूल में योगदान में प्रदेश का दूसरे स्थान है। हालांकि 4.68 फीसद के आवंटन को 28,205 करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण अनटाइड पूंजीगत व्यय से सहायता मिलती है, जिसका उपयोग नहरों, मंडियों और सौर-संचालित सिंचाई जैसे ग्रामीण बुनियादी ढांचे के लिए किया जाता है, लेकिन कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए आवश्यक विशाल पूंजी को देखते हुए यह अभी भी अपर्याप्त है। बजट में जलवायु चुनौतियों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए अलग से धन का कोई प्रावधान नहीं है। साथ ही, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के लिए ऋण के स्थान पर 'सहायता अनुदान' की बहाली का कोई उल्लेख नहीं है। यह संस्थान कृषि अनुसंधान का स्तंभ है, जो बढ़ती जनसंख्या का पेट भरने और पीडीएसयोजना को व्यवहार्य बनाए रखने के लिए आवश्यक दूसरी हरित क्रांति की शुरुआत में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।



प्रो. रामकुमार खटकड़, पूर्व विगाभाध्यक्ष, कृषि अर्थशास्त्र, हकृवि

**नया कृषि डिस्कॉम**

किसानों के लिए 5,000 से अधिक कृषि फीडरों के प्रबंधन के लिए एक समर्पित बिजली वितरण कंपनी की स्थापना। हालांकि, जल उपयोग दक्षता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए सूक्ष्म सिंचाई बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए बजटीय आवंटन का कोई उल्लेख नहीं है। इसके अलावा जल-तनावग्रस्त ब्लॉकों में धान के स्थान पर मक्का या दालों की खेती करने वाले किसानों के लिए 8,000 प्रति एकड़ की बढ़ी प्रोत्साहन राशि, उर्वरकों के छिड़काव और फसल स्वास्थ्य की निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देने के लिए 500 रुपये करोड़ का नए कोष का प्रावधान बजट में किया गया है। इसके अलावा एक लाख एकड़ भूमि को प्राकृतिक खेती के तहत लाने का लक्ष्य, जिसके लिए मोरनी जैसे क्षेत्रों के लिए विशेष कार्य योजना तैयार की गई है लेकिन बजट में इसके लिए अलग से किसी बजटीय आवंटन का उल्लेख नहीं किया गया है।

**खबर संक्षेप**



## मास्टर कौर सिंह सैनी बने नलवा हलका अध्यक्ष

**हिसार।** राष्ट्रीय सैनी सभा की बैठक नलवा विधानसभा के गांव शाहपुर में रिटायर्ड डीआरओ अमीचंद की अध्यक्षता में हुई। इसमें गांव मिंगनी खेड़ा, न्योली कलां, मात्रश्याम, सीसवाल, रायपुर, हिसार शहर से आए गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेशाध्यक्ष जसबीर सैनी व जिला अध्यक्ष अजय सैनी ने सर्वसम्मति से मास्टर कौर सिंह सैनी मात्रश्याम को नलवा हलका प्रधान पद के तौर पर नियुक्ति पत्र सौंपा। अपनी नियुक्ति पर कौर सिंह सैनी ने सभा के नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि मैं समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलूंगा और सैनी समाज के हितों की रक्षा व उत्थान के लिए निरंतर कार्य करूंगा।

## लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल में मनाया होली महोत्सव



**हिसार।** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल का प्रांगण में होली का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। यह आयोजन केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि पीढ़ियों को जोड़ने वाले प्रेम, सम्मान और संस्कारों का जीवंत प्रतीक बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों की मनमोहक एवं रंगारंग प्रस्तुतियों दी। इस विशेष अवसर की सबसे आकर्षक झलक रही विद्यार्थियों के दादा-दादी एवं नाना-नानी (ग्रैंडपेरेंट्स) की गरिमामयी एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता। विद्यालय द्वारा उनके लिए विशेष मनोरंजक गतिविधियों एवं खेलों का आयोजन किया गया। म्यूजिकल चेयर, बैलून गेम, नृत्य प्रतियोगिता सहित विभिन्न रोचक गतिविधियों में ग्रैंडपेरेंट्स ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समन्वय में स्कूल प्रबंधक अजीज प्रधान व स्कूल की प्राचार्य डॉ. सरिता शर्मा की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।



## श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का दिव्य विसर्जन

**हिसार।** आठ दिवसीय श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान पूज्य गुरुदेव मुनिश्री 108 विशद सागर महाराज, मुनिश्री शिव सागर महाराज एवं एलेक वैराग्य सागर महाराज के पावन सानिध्य में मंगलवार को श्री मनहर पारसनाथ अतिशय क्षेत्र, जहाज पुल में सानंद निर्विघ्न सम्पन्न हुआ। श्री दिगंबर जैन पंचायत के उपप्रधान सुनील जैन ने बताया कि आज विधान में सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य तरुण जैन एवं सची इंद्राणी बनने का सौभाग्य सारिका जैन ने प्राप्त किया। सौधर्म इंद्र के साथ, सभी इंद्र इंद्राणियों ने आज विधानाचार्य प्रदीप शास्त्री ललितपुर एवं अशोक शास्त्री हिसार के कुशल मार्गदर्शन में 1024 श्री फल बड़े ही भक्ति भाव गीत संगीत की मधुर लहरियों पर थिरकते हुए समर्पित किए। आज के विधान में धनपति कुबेर बनने का सौभाग्य रिदम जैन को प्राप्त हुआ। श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के सभी श्री फल चढ़ाने के बाद, विश्व शान्ति महायज्ञ किया गया और पूर्ण आहुति के साथ इस दिव्य भव्य पुण्यशालि विधान का विसर्जन किया गया। इस मौके पर गुरुदेव ने आने वाली 6 मार्च को होने वाले नवीन मंदिर परिसर के शिलान्यास एवं वेदी नींव प्रतिष्ठा महोत्सव में सभी को तन मन धन से शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

## करोड़पति मंडल अभियान का शुभारंभ

**हिसार।** हिसार डाक मंडल द्वारा कर्मचारियों, प्रोफेशनल, स्नातकों तथा आम नागरिकों के सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाओं के अंतर्गत 2 मार्च से 30 मार्च तक मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी डाकघरों में एक विशेष अभियान करोड़पति मंडल व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए हिसार डाक मंडल के अधीक्षक डाकघर अनिल कुमार रोज ने बताया कि यह डाक जीवन बीमा भारत सरकार की एक विश्वसनीय, सुरक्षित एवं जनहितकारी बीमा योजना है, जो पूर्व में केवल सरकारी कर्मचारियों तक सीमित थी, किंतु अब इस अभियान के दौरान सभी डिग्री व डिप्लोमा धारक भी डाक जीवन बीमा योजना के लाभ के पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारी, अर्ध-सरकारी संस्थानों के कर्मचारी, बैंक, एनएसई/बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के कर्मचारी, बैंक, अस्पताल, शिक्षण संस्थान के कर्मचारी तथा डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट, आर्किटेक्ट सहित अन्य प्रोफेशनल वर्ग पात्र हैं।

## ट्रैक्टर के लिए ऑनलाइन परमिट डाउनलोड की तिथि को 8 तक बढ़ाया

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के निदेशालय के निर्देशानुसार जिले में एसबी-89 स्कीम के अंतर्गत अनुसूचित जाति किसानों को अनुदान पर ट्रैक्टर उपलब्ध करवाने के लिए ऑनलाइन परमिट डाउनलोड करने की अंतिम तिथि को 8 मार्च तक तथा उप कृषि निदेशक लॉगिन से परमिट अनुमोदन की तिथि को 6 मार्च तक बढा दिया गया है। सहायक कृषि अभियंता गोपीराम सांगवान ने बताया कि इसके अतिरिक्त किसानों को 8 मार्च तक ट्रैक्टर खरीदना अनिवार्य होगा। ट्रैक्टर खरीदने के उपरांत निर्माता/डीलर द्वारा 10 मार्च तक पोर्टल पर बिल एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड किए जाएंगे। इसके उपरांत 11 मार्च तक निर्माता द्वारा ऑनलाइन बिलों का सत्यापन किया जाएगा।

# श्री श्याम मंदिर बरवाला में मनाया होली फाल्गुन धमाल महोत्सव



बरवाला। होली फागुन धमाल महोत्सव के मुख्य यजमान आरती करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

श्री श्याम मंदिर बरवाला में होली फाल्गुन धमाल महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव में श्री श्याम मंदिर बरवाला को फूलों गुब्बारों व सुंदर लाइटिंग से सजाया गया। सुंदर-सुंदर भजनों व झांकियों के साथ बाबा श्याम के दरबार में भक्तों द्वारा फूलों की होली बड़ी धूमधाम से खेली गई। होली फागुन धमाल महोत्सव के मुख्य यजमान ईश्वर गर्ग और विपिन लोहिया द्वारा होलिका दहन किया गया। मंच का संचालन अनूप गोयल के द्वारा किया गया। बाहर से आए भजन कलाकार ममता बिस्त्रवाल व बरवाला के मधुर आवाज के धनी जेपी वर्मा द्वारा बाबा श्याम के भजनों का गुणगान किया गया। भजनों पर उपस्थित श्रद्धालुगण झूम उठे। बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहा। विशाल भंडारे की सेवा ईश्वर गर्ग और विपिन लोहिया के द्वारा दी गई। इस होली धमाल महोत्सव में 5 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। सभी श्याम भक्तों ने मस्ती में नाच कर झूम कर फूलों की होली खेली। यह होली फागुन धमाल महोत्सव श्री श्याम मंदिर के पुजारी योगेश शर्मा के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान रोशन घनघस, विनोद मित्तल, अनूप गोयल, योगेश, आशु आनंद, मोनू शर्मा, सतपाल वर्मा, बजरंग जैन, ईश्वर गर्ग, विपिन, सुरेश गोयल, ओम प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने खेली गुलाल से होली अव्वल महिलाओं को मिलेंगे इनाम

**नारनौंद।** प्रदेश में भी होली के त्यौहार का बड़ा महत्व है। महिलाएं पहले से ही इसकी तैयारियों में जुट जाती हैं। कस्बे में अब की बार महिलाओं ने गुलाल के साथ होली खेलकर पानी बचाने का संदेश भी दिया। उन्होंने बताया कि होली का त्योहार भाईचारे का त्यौहार है इस दिन सभी रंग गुलाल लगाकर इस त्यौहार को मानते हैं काफी लोग इस त्यौहार पर पानी की बर्बादी करते हैं। हमें ऐसा नहीं चाहिए क्योंकि धरती के नीचे पहले ही पानी की कमी हो चुकी हैं। इसलिए हमें पानी की एक एक बूंद बचानी होगी। साथ ही महिलाओं ने नशा न करने का संदेश भी दिया। नारनौंद भी अबकी बार अलग तरीके से फाग का त्यौहार मनाने की जोरदार तैयारी चल रही है। इस त्यौहार में हरियाणवी संस्कृति की झलक दिखाने के लिए महिलाओं ने दामन ओर कुर्ता तैयार करवाया हुआ है। इसी वेशभूषा में महिलाएं फाग खेलती नजर आएंगी। युवाओं ने महिलाओं का हौसला बढ़ाने के लिए इनाम देने की योजना बनाई है। जो महिलाएं फाग खेलने में अव्वल रहेंगी उनको टोकनी, मटका सहित रसोई में प्रयोग होने वाले अनेक प्रकार के बर्तन दिए जाएंगे।



नारनौंद। नारनौंद में होली के त्यौहार पर भजन करती हुई महिलाएं।

# होली पर महिलाओं ने हरियाणवी रंगारंग कार्यक्रमों से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। होली पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेती महिलाएं।

होली के पावन अवसर पर आजाद नगर में हरियाणवी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर यह सिद्ध किया कि आज भी हरियाणा में त्योहारों और पारंपरिक रीति-रिवाजों का विशेष महत्व है। महिलाओं ने लोक परंपराओं को जीवंत रखते हुए होली के गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पुरानी संस्कृति की मधुर स्मृतियों को ताजा कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान हरियाणवी लोकगीतों, नृत्य एवं होली के पारंपरिक फाग गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी कलाकारों ने मंच पर शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

**समां बांधा**

कार्यक्रम में कौशल्या सोनी, जन्तर देवी, ब्रह्मा देवी, चंद्रकला दहिया, शकुंतला, सरोज, विमला, सुमन, मुकेश, रामरती, अनीता, मीनाक्षी सहित अन्य कलाकारों ने होली रंगमंच पर शानदार प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया।

# नन्हें-मुन्नों ने श्रीकृष्ण व राधा के रूप में सजकर खेली ब्रज होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



**हांसी।** नन्हे मुन्ने बच्चों को रंग लगाकर होली खेलती स्कूल प्राचार्या गीता मेहता।

श्री काली देवी विद्या मंदिर में मंगलवार को रंगों का पर्व होली बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्राचार्या गीता मेहता द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ विधिवत शुभारंभ किया गया। पूरे विद्यालय में रंगों और उमंग का माहौल था और बच्चों ने एक-दूसरे को तथा अपने शिक्षकों को रंग लगाया।

विद्यार्थियों ने होली पर सुंदर भाषण दिए और खुशियों भरे गीत गाए। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा के रूप में सज कर और रंगों के साथ ब्रज की होली, रंग लेके खेलते, रंग बरसे व नंद गांव के नटवर नंद किशोर आदि गानों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया और होली पर्व पर पूरी मस्ती की। वहीं नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के बच्चों ने भी अपने शिक्षकों के साथ प्यारी-प्यारी प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान उनकी मासूम अदाओं ने सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने बच्चों को सुरक्षित होली खेलने का संदेश दिया।

**त्योहार** आदमपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आमजन से विधायक के साथ मनाई होली

# आपसी मतभेद भुलाकर और एकजुट होकर सभी हलकावासी विकास में करें सहयोग : चंद्रप्रकाश

- विधायक ने जन मिलन समारोह में हलकावासियों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

विधायक चंद्रप्रकाश द्वारा आदमपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित होली जन मिलन समारोह में काफी संख्या में हलकावासियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश ने सभी हलकावासियों को होली की शुभकामनाएं दी और जनकल्याण की कामना की। लोगों ने विधायक चंद्रप्रकाश को होली के रंगों से तिलक किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। इस दौरान एक-दूसरे को मिठाई खिलाते हुए सभी होली के रंग में रंगे हुए दिखाई दिए। जन मिलन समारोह में विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे व एकजुटता संदेश देती है। उन्होंने कहा कि सभी हलकावासियों का जीवन खुशियों के रंग से सराबोर रहे और सभी उम्मीदें व सपने पूरे हों। चंद्रप्रकाश ने कहा कि सभी हलकावासियों को एकजुट होकर आदमपुर के विकास में सहयोग करना चाहिए। समारोह के उपरांत विधायक चंद्रप्रकाश ने मंडी आदमपुर के क्रांति चौक के पास सड़कों का निरीक्षण किया और बाजार में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मालिकों से मुलाकात करके होली की शुभकामनाएं दी। चंद्रप्रकाश ने सभी हलकावासियों को आश्वस्त किया कि वे आदमपुर के विकास के लिए पूरी शिद्दत से प्रयासरत हैं। इसलिए विधानसभा में बार-बार आदमपुर के विभिन्न मुद्दे उन्होंने उठाए हैं और निर्माणाधीन सीवर लाइन, पानी की लाइन व सड़कों के कार्य को जल्द पूरा करवाने की मांग की है।



हिसार। होली जन मिलन समारोह में हलकावासियों को बधाई देते विधायक चंद्रप्रकाश। फोटो: हरिभूमि

# मिलेनियम स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से बांधा समां



हिसार। वार्षिकोत्सव में शानदार प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

- मणिकर्णिका के माध्यम से रानी लक्ष्मी बाई की वीरता और साहस का चित्रण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मिलेनियम पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन दो भागों 'गुलदस्ता' और 'विरासत' में संपन्न हुआ। कार्यक्रम ने सांस्कृतिक विविधता, पारिवारिक मूल्यों और राष्ट्र गौरव की भावना को एक ही मंच पर साकार कर दिया। कार्यक्रम के प्रथम चरण 'गुलदस्ता' में जूनियर वर्ग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। केजी से कक्षा एक तक के बच्चों ने हरियाणवी, पंजाबी और राजस्थानी लोकनृत्यों की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीतों की मधुर धुन और बाल सुलभ अभिव्यक्ति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण 'विरासत' में सीनियर विद्यार्थियों ने इतिहास और परंपरा की गौरवगाथा को मंच पर जीवंत कर दिया। मणिकर्णिका के माध्यम से रानी लक्ष्मी बाई की वीरता और अदम्य साहस का चित्रण किया गया। देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुति 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भारतीय सेना के साहस और समर्पण को नमन करते हुए राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की। समापन अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और अनुशासन की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### दावों एवं आपत्तियों के निस्तारण के लिए अधिकारी नियुक्त

**हिसार।** राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में नगरपालिका उकलाना के आम चुनाव के मद्देनजर दावों एवं आपत्तियों के निस्तारण के लिए बरवाला उपमंडल अधिकारी (नागरिक) डॉ वेदप्रकाश बैनीवाल को संशोधन अधिकारी तथा बरवाला तहसीलदार रामनिवास भादू को सभी वार्डों को सहायक संशोधन अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल ने बताया कि नगरपालिका उकलाना के विभिन्न वार्डों में दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए उकलाना नगरपालिका में वार्डवार दावे व आपत्तियों के निस्तारण के लिए सहायक संशोधन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें उकलाना बीडीपीओ ऋषि गोयल को वार्ड संख्या 1 से 3, बरवाला बीडीपीओ रोशनलाल को वार्ड संख्या 4 से 6, पाबड़ा सिंचाई विभाग से एसडीओ अजय सिहाग को वार्ड संख्या 7 से 9, बरवाला से सिंचाई विभाग के एसडीओ प्रदीप श्योराण को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

किसी प्रकार का हुडदंग या शांति व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी, नियम तोड़ने वालो पर सख्त करवाई होगी

# फाग पर पुलिस अलर्ट, 28 जगहों पर लगाए नाके हुड़दंग रोकने के लिए पुलिस ने किए कड़े प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

फाग के दिन हुड़दंग करने वालों से निपटने के लिए जिला पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए है। प्रबंधों के चलते अलग-अलग स्थानों पर 28 जगह नाकाबंदी कर चैकिंग की जाएगी। साथ ही सभी थाना और चौकी प्रभारियों को होली के त्योहार पर सुरक्षा के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी व सतर्कता के साथ प्रभावी गश्त के निर्देश दिए है।

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने जिला पुलिस को त्योहार पर हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। एसपी ने जारी निर्देशों में कहा कि किसी प्रकार का हुडदंग या शांति व्यवस्था भंग न हो, इसके लिए शरारती तत्वों पर कार्रवाई की जाएगी। सभी थाना और चौकी प्रभारियों को त्योहार के अवसर पर कानून और शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के जिम्मेवार होंगे। उन्होंने कहा कि होली के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसी तरह ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। प्रबंधों के चलते सभी चौक चौराहों पर पुलिस तैनात रहेगी। इसके अलावा पीसीआर और डायल 112 को निर्देश दिए गए हैं कि पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से जहां भी अव्यवस्था की सूचना प्राप्त हो वहा तुरंत मौके पर पहुंच स्थिति से निपटें। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले के पुलिस थानों में एसएचओ के साथ पर्यावेक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है।


**हांसी।** होली पर्व पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के नाकों पर तैनात पुलिस कर्मी।


### होली पर्व पर हांसी पुलिस अलर्ट मोड में


**हांसी।** होली पर्व के अवसर पर हांसी पुलिस पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर कार्यरत है। आमजन को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। होली पर्व के मद्देनजर सभी थाना, पुलिस चौकी, राइडर टीम, पीसीआर व ईआरवी चालकों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार गश्त के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, प्रमुख चौराहों तथा सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। असामाजिक तत्वों, हुड़दंगियों एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। किसी भी प्रकार की अफवाह या शरारती गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए नियंत्रण कक्ष को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं। रंग खेलते समय मर्यादा का पालन करें, जबरदस्ती किसी को रंग न लगाएं तथा नशे की हालत में वाहन न चलाएं।

### 6 को सजेगा 25वां श्रीश्याम फाल्गुन महोत्सव

**आदमपुर।** क्लॉथ मार्केट स्थित नवरात्रा महोत्सव मैदान एक बार फिर श्याम भक्तों की आस्था से गुलजार होने जा रहा है। शुक्रवार छह मार्च को यहां 25वां श्रीश्याम फाल्गुन महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। आयोजन श्रीश्याम मित्र मंडल एवं श्री खाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में होगा। आयोजक समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र गर्ग व अमित गोयल ने बताया कि कार्यक्रम खाटू श्याम निज मंदिर के पुजारी श्याम सिंह चौहान के सान्निध्य में संपन्न होगा। विशाल जागरण में देश के विभिन्न हिस्सों से आए सुप्रसिद्ध भजन गायक बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे।




## अखिल भारतीय स्तर पर 33वां रैंक प्राप्त की पेश की मिसाल

# सीएसआईआर-नीट में निधिका शर्मा का शानदार प्रदर्शन, हौसलों को उड़ान

- बोले परिजन : यह सफलता वर्षों की मेहनत का नतीजा

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

गुरु जम्भेश्वर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से माइक्रोबायोलॉजी में एमएससी करने वाली होनहार छात्रा निधिका शर्मा ने दिसंबर में आयोजित प्रतिष्ठित सीएसआईआर-नीट (जेआरएफ) परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 99.88 परसेंटाइल हासिल करते हुए 33वीं रैंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि विश्वविद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया है।

निधिका की इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। माइक्रोबायोलॉजी जैसे चुनौतीपूर्ण विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने देशभर के हजारों प्रतिभागियों के बीच अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। अपनी बेटी की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए आदमपुर में फार्मेसी विभाग में विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत उनके पिता डॉ. राकेश शर्मा ने कहा कि यह सफलता वर्षों की मेहनत, सकारात्मक मार्गदर्शन और गुरुजी और ईश्वर की कृपा का परिणाम है। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई, विभागाध्यक्ष प्रो. नीरज दिलबागी, प्रो. अनिल कुमार तथा समस्त फैकल्टी सदस्यों का आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन और प्रेरणा ने निधिका को इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


निधिका शर्मा।

### राष्ट्र सेवा में अपना योगदान देना का सपना : निधिका

निधिका शर्मा की यह उपलब्धि केवल एक व्यक्तिगत विजय नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है, यह संदेश देते हुए कि सपने वही सच होते हैं, जिन्हें मेहनत, समर्पण और विश्वास से सींचा जाए। निधिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को देते हुए अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि उनका सपना शोध के क्षेत्र में आगे बढ़कर राष्ट्र सेवा में अपना सार्थक योगदान देना है। वे वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से समाज की समस्याओं के समाधान खोजने और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाना चाहती हैं।

### लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : गोदारा

**हिसार।** जिला पार्षद एवं युवा कांग्रेस नेता आशीष गोदारा कुक्की ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और एक जागरूक समाज के निर्माण में पत्रकारों का योगदान अमूल्य है। पार्षद गोदारा ने मंगलार को यहां आयोजित प्रेस टू मीट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार केवल समाचार नहीं लिखते, बल्कि समाज की आवाज को दिशा देते हैं। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक पत्रकारिता की ओर प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि सच को निर्भीकता से सामने लाना ही सच्ची पत्रकारिता है।







### नपा उकलाना के आम चुनाव के लिए रिवाइजिंग अथॉरिटी नियुक्त

- मतदाता सूचियों की कार्यवाही करें सुनिश्चित

**हिसार।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में नगर पालिका उकलाना के आम चुनाव-2026 के दृष्टिगत आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

उपायुक्त महेंद्र पाल द्वारा जारी आदेशों में राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुसार नगरपालिका चुनाव नियमावली 1978 के नियम 4(4)(आई) एवं 4(4)(आईआई) से (आईआईआई) के अंतर्गत दावों एवं आपत्तियों के निपटान के लिए बरवाला एसडीएम डॉ वेदप्रकाश बेनीवाल को रिवाइजिंग अथॉरिटी के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त बरवाला तहसीलदार रामनिवास भादू को सहायक रिवाइजिंग अथॉरिटी नियुक्त किया गया है, जो संबंधित कार्यों में सहयोग प्रदान करेंगे। आदेश में यह भी निर्देशित किया गया है कि उकलाना नगरपालिका सचिव संदीप द्वारा अधिसूचना में वर्णित समय-सारणी एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार नगरपालिका उकलाना के सभी वार्डों की मतदाता सूचियों के प्रकाशन एवं संबंधित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।


**हिसार।** कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ चयनित विद्यार्थी।

## हकृवि के पांच विद्यार्थियों का एग्जीक्यूटिव पद पर हुआ चयन

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत 'प्रदान एनजीओ' द्वारा एग्जीक्यूटिव के पद पर पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने और रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि सभी विद्यार्थियों का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ है। पहले एक साल प्रशिक्षण के दौरान 32 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाएगा तथा एक साल का प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात 8.64 लाख रुपये सालाना का वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में अंकिता सिंह, अमन, किरण, नीरज व नेहा शामिल हैं। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ राजबीर गर्ग, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ रमेश गोयल आदि रहे।













### प्रकाशित मतदाता सूची पर 9 मार्च तक प्रस्तुत करें दावे व आपत्तियां

**हांसी।** हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम,1994 के तहत पंचायत उप-चुनाव के लिए खंड हांसी-द्वितीय में वार्डवार एवं बूथवार प्रारूप मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 2 मार्च को किया गया है। एसडीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) राजेश खोथ ने बताया कि खंड हांसी-द्वितीय की कुल 23 ग्राम पंचायतों में से 4 ग्राम पंचायतों भाटोल रागड़ान , जीतपुरा सिंधवा खास एवं खरबला की वार्डवार मतदाता सूची का ड्राफ्ट तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि में संशोधन संबंधी कोई दावा या आपत्ति हो, तो वह संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम सचिव, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी हांसी-द्वितीय के कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) के कार्यालय में निर्धारित प्रपत्रों में आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। मतदाता सूची से संबंधित कार्यक्रम के अनुसार 9 मार्च 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती हैं, जिनका निपटान 12 मार्च 2026 तक किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध अपील 16 मार्च तक की जा सकेगी तथा अपीलों का निपटान 19 मार्च तक किया जाएगा।

### सरकार ने केवल आंकड़ों का बजट पेश किया: राजेन्द्र सोरखी



**हांसी।** आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा पेश किए गए हरियाणा के बजट को हर वर्ग के लिए निराशाजनक व कोरी भाषणबाजी बताया है। हर बार की तरह इस बार भी भाजपा सरकार ने पुराने बजट पर लीपा पोती करके केवल आंकड़ों को घुमा फिरा कर पेश किया है। पार्टी के हांसी जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने प्रदेश को 5.56 लाख करोड रुपये के कर्ज में डुबो दिया है और नया कर्ज लेकर सिर्फ पुराने कर्ज की किस्त चुकाने के लिए ही बजट को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है। राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि 26 जनवरी को हांसी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल हांसी में मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा करके गए थे, जिसका इस बजट में कोई जिक्र तक नहीं है। उन्होंने कहा कि हांसी को जिला बनाने की घोषणा तो की गई है किंतु मनोहर लाल की घोषणा को कोई तवज्जो नहीं दी गई।